आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा वंदे मातरम के 150वें वर्ष पर कहा यह जागृति का मंत्र और स्वतंत्रता का गीत है।
- वंदे मातरम की स्वर लहरियों के बीच आकाशवाणी महानिदेशक ने आकाशवाणी को सांस्कृतिक संरक्षण और जनसेवा प्रसारण का सच्चा माध्यम बताया।
- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी और ऑस्ट्रेलियाई काउंसिल जनरल ने द्वीपसमूह में निवेश संभावनाओं पर विचार–विमर्श किया।
- पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सेल्यूलर जेल में अब ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम के प्रतिदिन चार शो होंगे।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम स्वतंत्रता का गीत, अटल संकल्प की भावना और देश की जागृति का मंत्र है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अपने ब्लॉग में, श्री शाह ने कहा कि यह न केवल राष्ट्रगीत है, बल्कि देश के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का प्रथम उद्घोष है। श्री शाह ने कहा कि यह पवित्र गीत अनंत काल तक गूंजता रहेगा और नागरिकों को राष्ट्र के इतिहास, संस्कृति, मूल्यों और परंपराओं को समझने की याद दिलाता रहेगा।

><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। यह आयोजन राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के प्रति देश की एकता, गर्व और देशभक्ति की भावना को दर्शाता है।

><><><><><><>

आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने कल लोक प्रसारण में अद्वितीय योगदान के लिए आकाशवाणी कोहिमा की सराहना की। श्री जैन ने कहा कि यह स्टेशन देश के उन गिने–चुने स्टेशनों में से एक है जो नियमित रूप से विभिन्न बोलियों में समाचार और कार्यक्रम प्रसारित करता है। उन्होंने कहा कि यह बहुभाषी पहुँच रेडियो को एक सच्चा जन–जन का माध्यम बनाती है, जिससे भाषाई विविधता को संरक्षित करने और समुदायों के साथ आकाशवाणी के जुड़ाव को मज़बूत करने में मदद मिलती है। इससे पहले सुबह, महानिदेशक ने भारत के राष्ट्रीय गीत, 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी कार्यालय परिसर में वंदे मातरम के सामूहिक गायन में आकाशवाणी कोहिमा के कर्मचारियों के साथ भाग लिया।

><><><><><><>

पूरे देश के साथ दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से भी कल राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने का उत्सव देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला उपायुक्त कार्यालय, के सम्मेलन कक्ष में हुआ, जहाँ अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया। जिला उपायुक्त ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारत की एकता और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करते हैं।

><><><><><><>

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मायाबंदर में कल मेरा युवा भारत और मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दानापुर जंक्शन से मायाबंदर मिनी स्टेडियम तक एकता पदयात्रा से हुई। इस अवसर पर क्षेत्र के सहायक आयुक्त एस. कृष्ण चैतन्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी कॉलेज में लगभग साढ़े चार सौ प्रतिभागी सम्मिलित हुए। विद्यार्थियों ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन से हुआ।

><><><><><><>

द्वीप समूह में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया 4 नवम्बर से शुरु हो चुकी है। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक घर जाकर मतदाताओं को फॉर्म दो वितरित कर रहे हैं।

प्रत्येक पंजीकृत मतदाता को यह फॉर्म भरकर जमा करना आवश्यक है, ताकि उनका नाम 9 दिसम्बर को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. कुमार ने कहा कि मतदाता अपने या अपने अभिभावकों के नाम पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण सूची में खोजने के लिए वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं।

><><><><><><>

ऑस्ट्रेलिया की काउंसिल जनरल सिलाई जकी ने अपने द्वीपसमूह दौरे के दौरान कल राजनिवास में उप राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से मुलाकात की। बैठक में बंदरगाह, जहाजरानी, पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

><><><><><><>

राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल के ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय ने एक अतिरिक्त हिन्दी शो शुरू किया है। अब ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम के प्रतिदिन चार शो होंगे। ये मौजूदा शो शाम 5 बजकर 50 मिनट, 6 बजकर 50 मिनट, 7 बजकर 50 मिनट और अतिरिक्त नया शो 8 बजकर 50 मिनट पर होगा। पर्यटक अपने टिकट ऑनलाइन माध्यम से खरीद सकते हैं।

><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने नई दिल्ली में होने वाले भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में भाग लेने के लिए पर्यटन से जुड़े पंजीकृत हितधारकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि दस नवंबर, दोपहर 3 बजे है। इसका उद्देश्य द्वीपों के पर्यटन आकर्षणों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना है। यह मेला 14 से 27 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा।

><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला मजिस्ट्रेट ने सूचना जारी की है कि सड़क मरम्मत कार्य के चलते स्कूल लाइन जंक्शन से चाणक्य ट्यूशन सेंटर तक की मुख्य सड़क को आज से 22 नवम्बर तक वाहनों की आवाजाही के लिए बंद किया गया है।

><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस ने यौन अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश सुभाजीत बसु ने कल आरोपी संजीब दास को 20 वर्ष की कठोर कारावास के साथ साठ हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की जांच थाना प्रभारी इंस्पेक्टर के. बिनोज के नेतृत्व में की गई। अंडमान निकोबार पुलिस ने एक बार फिर अपनी जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराते हुए कहा बच्चों की गरिमा और अधिकारों की रक्षा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

><><><><><>

कलकत्ता उच्च न्यायालय की पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न —रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम, 2013 पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन न्यायमूर्ति शम्पा सरकार और न्यायमूर्ति अनन्या बंद्योपाध्याय ने किया। न्यायमूर्ति शम्पा सरकार ने कहा कि हर कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करना अनिवार्य है। न्यायमूर्ति बंद्योपाध्याय ने अधिनियम की जानकारी स्थानीय भाषाओं में पुस्तिकाओं के माध्यम से प्रसारित करने पर जोर दिया।

><><><><><>

आईटीआई बकुलतला और आईटीआई एरोंग में रिक्त सीटों को 12 नवम्बर को स्पॉट एडमिशन प्रक्रिया के माध्यम से भरा जाएगा। पात्र उम्मीदवारों को निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होने को कहा गया है। उम्मीदवार आईटीआई बकुलतला, या आईटीआई डॉलीगंज में से किसी एक स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं। उम्मीदवारों को अपने मूल प्रमाणपत्रों और प्रवेश शुल्क के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

><><><><><>

पर्यावरण एवं वन विभाग ने वन रेंजर पद की लिखित परीक्षा की संभावित तिथि की घोषणा की है। परीक्षा 28 दिसंबर से 4 जनवरी तक होंगी। प्रवेश पत्र की तिथि बाद में जारी की जाएगी।

><><><><><>

नेताजी स्टेडियम का स्विमिंग पूल कल से मरम्मत कार्य के कारण अस्थायी रूप से बंद रहेगा। स्विमिंग पुल को पुनः खोलने की तारीख बाद में घोषित की जाएगी।

><><><><><>

खेल एवं युवा कार्य विभाग की ओर से ''अन्वेषण करें, अनुभव करें, आनंद लें'' विषय के साथ कल सुबह 6 से 7 बजे तक राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल से नेताजी स्टेडियम तक साइक्लिंग टूर आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इको–टूरिज्म, फिटनेस और स्वच्छ द्वीप अभियान को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम निःशुल्क एवं सभी आयु वर्ग के लिए खुला रहेगा।

><><><><><><>